**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 10-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा रेंज के साइबर थाना प्रभारियो, विवेचको एवं CEIR पोर्टल प्रभारियो के साथ की गयी समीक्षा गोष्ठी।**
- **साइबर अपराध नियंत्रण, त्वरित विवेचना एवं डिजिटल जागरूकता के लिए संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय सभागार मे परिक्षेत्र के तीनो जनपदो के साइबर थाना प्रभारियो, साइबर अपराध के विवेचको तथा CEIR पोर्टल (Central Equipment Identity Register) के नोडल आईडी संचालन करने वाले अधिकारी/कर्म0गण के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी।

समीक्षा गोष्ठी के दौरान डीआईजी बस्ती द्वारा वर्ष 2024 एवं 2025 के लम्बित साइबर अपराध के अभियोगो, NCRP पोर्टल (National Cybercrime Reporting Portal) पर प्राप्त शिकायतो, CYTRAIN प्रशिक्षण मॉड्यूल, CEIR पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचना/रजिस्टर ,अन्य संबंधित पोर्टलो पर दर्ज सूचनाओं की प्रगति तथा रु 5 लाख से अधिक धनराशि से संबंधित वित्तीय फ्रॉड की शिकायतों के सापेक्ष पंजीकृत अभियोगो, उनकी विवेचना की प्रगति एवं वरामदगी की कार्यवाहीकी समीक्षा कर विस्तृत चर्चा की गई।

डीआईजी बस्ती द्वारा गोष्ठी मे संबंधित को निम्नलिखित निर्देश दिये गये—

- साइबर अपराधों की विवेचना समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से की जाये।
- NCRP पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का तत्परता से विश्लेषण कर कार्यवाही किया जाये।
- मोबाइल चोरी और फ्रॉड से जुड़ी सूचनाओं को CEIR पोर्टल पर सही ढंग से दर्ज कर उसका विधिक अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
- माह अक्टूबर मे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। परिक्षेत्र के प्रत्येक जनपद इस अभियान के दौरान अधिक से अधिक कार्यशाला आयोजित कर साइबर सुरक्षा हेतु नागरिकों को जागरूक करे।

CYTRAIN व I-GOT पोर्टल पर सभी अधिकारी/कर्म0गण को प्रशिक्षण दिलाकर उनकी तकनीकी दक्षता को सुदृढ किया जाये।

इस अवसर पर परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के साइबर थाना प्रभारी, विवेचकगण, CEIR पोर्टल से सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारीगण तथा परिक्षेत्रीय कार्यालय साइबर सेल के समस्त अधिकारी/कर्म0गण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**